रेल भर्ती बोर्ड

लीची बगान, मुजफ्फरपुर - 842001 (बिहार)

Website : www.rrbmuzaffarpur.gov.in, E-mail : rrbmfp-bih@nic.in

Phone No.: 0621-2213405 Fax No.: 0621-2221167

रेल भर्ती बोर्ड-पटना

केंद्रीकृत रोजगार सूचना सं. (CEN) RRC-01/2019 (लेवल-1)

उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

यह देखा गया है कि वर्तमान में चल रही रेल भर्ती बोर्ड लेवल - 1 परीक्षा के प्रश्न पत्रों के लीक होने के बारे में भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। इस संदर्भ में सर्व संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे परीक्षा की प्रक्रिया को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि इसमें लीक की कोई गुंजाइश नहीं है। सभी उम्मीदवारों के प्रश्न पत्र और विकल्प अनियमित क्रम में व्यवस्थित रहते हैं । प्रश्न पत्र केवल अधिकृत उम्मीदवार द्वारा परीक्षा अवधि में ही देखे जा सकते हैं।

इसलिए यदि कोई दावा करता है कि उसके पास प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी की पूर्व सूचना है, तो वह धोखा देने का प्रयास कर रहा है। सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे न केवल ऐसे बिचौलिये/दलालों पर अविश्वास करें बल्कि इसके बारे में तुरंत रिपोर्ट भी करें।

ऐसी घटनाओं की सूचना निम्नलिखित माध्यमों से रेलवे को दी जा सकती है-

1) रेल भर्ती बोर्ड, लीची बगान, मुजफ्फरपुर कार्यालय में आकर
2) फ़ोन नंबर **0621-2213405** पर डायल करके
3) मेल आईडी **rrbmfp-bih@nic.in** पर विवरण भेजकर
4) निकटतम पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करके।

सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

अध्यक्ष, रेलवे भर्ती बोर्ड,
मुजफ्फरपुर